देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 04.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए।
- राज्य विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन सदन में प्रदेश की विकास यात्रा, उपलब्धियों और चुनौतियों पर चर्चा जारी।
- चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बदरीनाथ मास्टर प्लान की समीक्षा की। अधिकारियों को साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए
- ऊधमसिंह नगर जिला सेवायोजन कार्यालय में आगामी 11 नवंबर को वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी देश के विकास की आधारशिला होती है। राष्ट्रपति ने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा का प्रयोग समाज के वंचित वर्ग की सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए करें।

इससे पहले श्रीमती मुर्मु ने आज राजभवन नैनीताल के मुख्य द्वार का शिलान्यास किया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह भी मौजूद रहे। ऐतिहासिक राजभवन नैनीताल की स्थापना के 125 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह शिलान्यास किया गया। राजभवन नैनीताल के मुख्य द्वार का यह शिलान्यास इस धरोहर के संवर्धन और संरक्षण की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वहीं, राष्ट्रपति ने अपने नैनीताल प्रवास के दौरान आज कैंची धाम स्थित बाबा नीब करौरी धाम और शक्तिपीठ मां नयना देवी मंदिर में पूजा–अर्चना कर राष्ट्र की सुख, शांति, समृद्धि और जनकल्याण की प्रार्थना की।

विधानसभा विशेष सत्र

उत्तराखंड राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन आज सदन में प्रदेश की विकास यात्रा, उपलब्धियों और चुनौतियों पर चर्चा जारी है। संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में उत्तराखंड ने तेजी से प्रगति की है। पहाड़ की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकान ने आने वाले वर्षों में उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने का संकल्प लिया है।

वहीं, विपक्षी सदस्यों ने कहा राज्य ने कुछ क्षेत्रों में प्रगति हुई है, लेकिन पहाड़ों से पलायन, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और रोजगार के अवसरों का अभाव अब भी सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 वर्षों में राज्य को महिला सुरक्षा, रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में और मजबूत बनाना होगा।

ई– पेंशन प्रशिक्षण

चम्पावत जिले के राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में ई–पेंशन प्रणाली पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपकोषागार टनकपुर से जुड़े विभिन्न विभागों के आहरण एवं वितरण अधिकारियों और कार्यालय सहायकों ने भाग लिया। सहायक लेखाकार मुकेश कुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से ई–पेंशन प्रणाली की कार्यप्रणाली, स्वीकृति प्रक्रिया और पेंशन प्रपत्रों की तैयारी से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने सेवानिवृत्ति या सेवाकाल में मृत्यु के बाद पेंशन प्रपत्रों को तैयार करने, ई–पेंशन से संबंधित शासनादेशों, वेतन निर्धारण, ऑनलाइन स्वीकृति प्रक्रिया और प्रपत्र भरने की बारीकियों पर भी विस्तार से बताया। कोषाधिकारी मयंक सक्सेना ने बताया कि ई–पेंशन प्रणाली ने पेंशन स्वीकृति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज़ और सुगम बनाया है। उन्होंने अधिकारियों से इस प्रणाली की सभी प्रक्रियाओं को ठीक से समझने और अपने विभागों में प्रभावी ढंग से लागू करने का आग्रह किया। शिविर में लगभग 40 अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

बदरीनाथ मास्ट प्लान

चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में बदरीनाथ मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने बदरीनाथ धाम को दिव्य और भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए मास्टर प्लान के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक प्रोजेक्ट की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट बिन्दुवार उपलब्ध कराने और निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा करने के निर्माणदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल विस्तारीकरण का कार्य पूरा होने से पूर्व स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। इसके अलावा उन्होंने जोशीमठ के उपजिलाधिकारी को मास्टर प्लान के अंतर्गत निर्मित व्यावसायिक भवनों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के भी निर्देश दिये।

रोजगार मेला

ऊधमसिंह नगर जिला सेवायोजन कार्यालय में आगामी 11 नवंबर को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिला सेवा योजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल ने बताया कि रोजगार मेले में मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग, हॉस्पिटैलिटी, सर्विस फार्मा, हेल्थ केयर आदि विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी 35 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा एक हजार 500 से अधिक पदों के लिए साक्षात्कार के माध्यम से बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में आठवीं, हाई स्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आई.टी.आई, डिप्लोमा आदि शैक्षिक योग्यता धारी अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है।

<u>व्याख्यान</u>

अल्मोड़ा में उत्तराखंड सेवानिधि पर्यावरण शिक्षा संस्थान, जाखन देवी में संस्थान की प्रबंधन समिति द्वारा 12वें बी.डी पाण्डे स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत के पूर्व विदेश सचिव पदम् भूषण श्याम सरन ने हिमालयी राज्यों में जल संकट, भूस्खलन, अनियोजित विकास पर जन संवाद किया। उन्होंने कहा कि हिमालय की पारिस्थितिकीय संकट के लिए जनता को जागरूक होना चाहिए और राजनीतिज्ञों को पारदर्शी नीति बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हिमालयी पारिस्थितिकीय संतुलन नहीं होगा, तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक पद्मश्री डॉ. ललित पाण्डे ने बी.डी पाण्डे स्मृति व्याख्यान के संदर्भ में जानकारी दी।